National Youth Parliament Festival 2021

## राष्ट्रीय युवा संसद समारोह 2021 : नए भारत की आवाज़ बनें

*समाधान ढूंढें और नीति में योगदान दें*

### भाग लेने के लिए दिशानिर्देश

#### I. पृष्ठभूमि

माननीय प्रधान मंत्री जी ने 31 मई, 2017 को अपने मन की बात सम्बोधन में युवाओं के भारत की आवाज बनने का विचार साझा किया:

*"मुझे एक विचार आया कि क्या हम भारत के प्रत्येक जिले में एक मॉक संसद का आयोजन कर सकते हैं? जहां 18 से 25 वर्ष के युवा एक साथ बैठ सकते हैं और नए भारत के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं, उपाय ढूंढ सकते हैं और हमारी योजनाओं को बना सकते हैं। 2022 से पहले हम अपने संकल्पों को कैसे पूरा कर सकते हैं? हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत कैसे बना सकते हैं? "*

उन्होंने स्पष्ट रूप से युवाओं को देश से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखने का अवसर देने की बात कही।

*"मेरा प्रस्ताव है कि एक मॉक संसद का आयोजन किया जाए... जिसमें भाग लेने के लिए प्रत्येक जिले से एक युवा को चयनित किया जाए जो अगले पांच वर्षों में एक नया भारत कैसे बन सकता है, इस पर विचार-विमर्श करे। संकल्प को वास्तविकता में कैसे बदला जा सकता है? "*

उन्होंने 12 जनवरी 2018 को 22 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उदघाटन के समय अपने संबोधन में जिला युवा संसदों को आयोजित कराने की इच्छा दोहराई।

इसके बाद जनवरी-फरवरी, 2019 में प्रथम राष्ट्रीय युवा संसद समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 56 फाइनलिस्ट (32 महिला और 24 पुरुष) और प्रत्येक जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले 700 प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लिया। माननीय प्रधान मंत्री जी ने युवाओं को संबोधित किया और राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित भी किया।

#### II. राष्ट्रीय युवा संसद समारोह के आयोजन का उद्देश्य



Scanned with CamScanner

- जिला स्तर और इससे ऊपर के युवा संसदों में विचार-विमर्श के माध्यम से 18 से 25 वर्ष की आयु के युवाओं की आवाज़ सुनने के लिए, जिन्हें मतदान करने का अधिकार तो है, लेकिन वे चुनाव में उम्मीदवार के रूप में खड़े नहीं हो सकते
- युवाओं को सार्वजनिक मुद्दों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना, आम आदमी की बात को समझना, अपने मत बनाना और उन्हें स्पष्ट तरीके से व्यक्त करना
- निर्णायक क्षमता को बढ़ाने और विकसित करने के लिए
- उनमें दूसरों के विचारों के लिए सम्मान और सहिष्णुता विकसित करना।
- उनमें एक समझ विकसित करना कि किसी भी चर्चा को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से आयोजित करने के लिए नियमों का सम्मान आवश्यक है।
- 2022 के नए भारत के विजन पर अपने विचार बनाना और उनका दस्तावेज बनाना।
- इसे आगे बढ़ाने के लिए नीति निर्माताओं और कार्यान्वियनकर्ताओं से अपने विचार साझा करना।

**III: भाग लेने के लिए मानदंड**

- युवा संसद में भाग लेने के लिए, युवाओं की आयु 30 नवंबर, 2020 तक 18 वर्ष से अधिक और 25 वर्ष से कम होनी चाहिए। इस संबंध में सही जानकारी प्रस्तुत करना प्रतिभागी का ही दायित्व है। गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्टेज पर संसद में भागीदारी से निरस्त कर दिया जाएगा।
- युवा संसदों में भाग लेने के लिए व्यक्ति को किसी शैक्षिक संस्थान का छात्र होना आवश्यक नहीं है।

**IV: प्रारूप**

- युवा संसद तीन स्तरों पर आयोजित की जाएगी:

क) <u>जिला युवा संसद (</u>डी.वाई.पी) जिला स्तर पर वर्चुअल आधार पर आयोजित की जाएगी। डी.वाई.पी में भाग लेने के लिए युवाओं का चयन करने के लिए प्रारंभिक दौर की स्क्रीनिंग आयोजित की जाएगी।

ख) राज्य युवा संसद (एस.वाई.पी) वर्चुअल आधार पर आयोजित की जाएगी। जिला युवा संसद के निर्णायक मंडल द्वारा चयनित युवा राज्य स्तर पर एस.वाई.पी में भाग लेंगे।

ग) राष्ट्रीय युवा संसद (एन.वाई.पी): राज्य युवा संसद के निर्णायक मंडल द्वारा चयनित युवा राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में एन.वाई.पी में भाग लेंगे।

उपर्युक्त प्रत्येक स्तर पर प्रतिभागियों को आयोजन और सुविधा के लिए विषय प्रदान किए जाएंगे।

**V : टाइमलाइन**



Scanned with CamScanner

- जिला युवा संसद (डी.वाई.पी) 150 निर्दिष्ट जिलों में आयोजित की जाएगी: 24-29 दिसंबर, 2020 (सूची संलग्न अनुलग्नक -I)
- राज्य युवा संसद (एस.वाई.पी): 01-05 जनवरी, 2021
- राष्ट्रीय युवा संसद (एनवाईपी): 12-13 जनवरी, 2021

**VI: चयन प्रक्रिया**

***ए: <u>जिला स्तर पर चयन</u>***

***जिला युवा संसद (डी.वाई.पी) का आयोजन: 24 से 29 दिसंबर, 2020***

150 निर्दिष्ट जिलों में जिला युवा संसदों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक प्रतियोगिता 4-5 जिलों के समूह के लिए होगी ताकि ये 150 डी.वाई.पी देश के अधिकांश जिलों को सम्मिलित करें। जिला युवा संसद (डी.वाई.पी) का आयोजन प्रत्येक जिलों से चुने गए युवाओं को लेकर वर्चुअल आधार पर किया जाएगा।

प्रत्येक जिला युवा संसद (डी.वाई.पी) के दो (2) विजेता राज्य स्तर पर भाग लेंगे। पैनल में डी.वाई.पी के सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को योग्यता का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को भागीदारी का प्रमाण पत्र (प्रारूप संलग्न) दिया जाएगा।
निर्णायक मंडल द्वारा राज्य युवा संसद के वक्ताओं का चयन करने के लिए मूल्यांकन मानदंड नीचे दिए गए हैं:
क) अभिव्यक्ति
ख) विचार की स्पष्टता
ग) सामग्री ज्ञान
घ) आचरण
प्रत्येक मूल्यांकन मानदंड के 25 अंक होंगे। अंतिम मूल्यांकन 100 अंकों में से किया जाएगा।

***<u>बी: राज्य स्तर पर चयन</u>***

***राज्य युवा संसद (एस वाई पी) का आयोजन: 01-05 जनवरी, 2021***

सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सम्मिलित करने के लिए 29 राज्य युवा संसदों को वर्चुअल आधार पर आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक डी वाई पी के विजेता राज्य युवा संसद (एसवाईपी) में एक साथ शामिल होंगे और वर्चुअल आधार पर निर्णायक मण्डल की उपस्थिति में दिए गए विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।
राष्ट्रीय युवा संसद (एनवाईपी) में भाग लेने के लिए एस वाई पी से वक्ताओं का चयन करने के लिए मूल्यांकन मानदंड निम्नानुसार होंगे:

क) अभिव्यक्ति
ख) विचार की स्पष्टता
ग) सामग्री ज्ञान
घ) आचरण



Scanned with CamScanner

प्रत्येक मूल्यांकन मानदंड के 25 अंक होंगे। अंतिम मूल्यांकन 100 अंकों में से किया जाएगा। संबंधित निर्णायक मण्डल प्रत्येक राज्य युवा संसद (एस वाई पी) से तीन (3) सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं का एक पैनल तैयार करेगा, जिसमें से प्रत्येक राज्य का प्रथम विजेता राष्ट्रीय युवा संसद समारोह में वक्ता के रूप में भाग लेगा। प्रत्येक राज्य से दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी दिल्ली आएंगे और राष्ट्रीय युवा संसद का हिस्सा होंगे। पैनल में राज्य के सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को श्रेष्ठता का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। हर प्रतिभागी को भागीदारी प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

**<u>राष्ट्रीय स्तर पर चयन</u>**

***<u>राष्ट्रीय युवा संसद (एनवाईपी) का आयोजन</u>***

राष्ट्रीय युवा संसद (एनवाईपी) का अंतिम चरण नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 87 राज्य स्तरीय विजेता (प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेता) राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेंगे, जिसमें से 29 प्रतिभागी चयनित विषयों पर बोलेंगे। शेष 58 केवल राष्ट्रीय युवा संसद में उपस्थित रहेंगे। संबंधित निर्णायक मण्डल द्वारा राष्ट्रीय युवा संसद (एनवाईपी) के विजेताओं का चयन करने के लिए मूल्यांकन मानदंड निम्नानुसार होंगे:

क) अभिव्यक्ति
ख) विचार की स्पष्टता
ग) सामग्री ज्ञान
घ) आचरण

प्रत्येक मूल्यांकन मानदंड के 25 अंक होंगे। अंतिम मूल्यांकन 100 अंकों में से किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को श्रेष्ठता प्रमाण पत्र के साथ क्रमशः 2 लाख रुपये, 1.50 लाख रुपये और 1 लाख रुपये दिए जाएंगे। हर प्रतिभागी को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा (प्रारूप मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाएगा)।

**VII: भाषा**

यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी वर्ग के युवा भाग लेने में सक्षम हों, जिला और राज्य संसद में प्रतिभागिता हेतु भाषा हिंदी, अंग्रेजी या राज्य की राजभाषा होगी। हालांकि, प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा संसद के लिए या तो हिंदी या अंग्रेजी का उपयोग कर सकेंगे।

**VIII: निर्णायक मण्डल**

निर्णायक मण्डल की स्थापना तीनों स्तरों - जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर की जाएगी. युवा सांसदों अर्थात डी वाई पी, एस वाई पी और एन वाई पी में से प्रत्येक का पांच (5) सदस्यीय निर्णायक मण्डल द्वारा आकलन किया जाएगा। प्रत्येक निर्णायक मण्डल में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे:

- संसद सदस्य / विधान सभा के सदस्य / प्रख्यात राजनेता
- सेवानिवृत्त / सेवारत सरकारी अधिकारी
- प्रख्यात कलाकार
- प्रख्यात पत्रकार / लेखक
- प्रख्यात शिक्षाविद



Scanned with CamScanner

जिला और राज्य स्तर पर, निर्णायक मण्डल के गठन के लिए प्रासंगिक स्थानीय प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शामिल किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के लिए, राष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात व्यक्तियों को निर्णायक मण्डल में शामिल किया जाएगा।

**IX: चर्चा के लिए विषय**

विभिन्न स्तरों पर चर्चा के लिए विषय निम्नलिखित विवरण के अनुसार जारी किए जाएंगे:
1. डी वाई पी के लिए विषय: 22 दिसंबर, 2020
2. एस वाई पी के लिए विषय: 31 दिसंबर, 2020
3. एन वाई पी के लिए विषय: 10 जनवरी, 2021

उपरोक्त स्तरों में से प्रत्येक के लिए विषयों की सूची www.yas.nic.in, www.nss.gov.in और www.nyks.nic.in पर जारी कर दी जाएगी;
जिला और राज्य स्तरीय युवा संसद में दिए गए विषय पर बोलने के लिए प्रत्येक प्रतिभागी को चार (4) मिनट का समय दिया जाएगा। विषयों की सूची अनुबंध ॥ में संलग्न है।

## X: पंजीकरण और डाटा संकलन

सभी इच्छुक प्रतिभागियों को जिला युवा संसद के लिए पंजीकरण करना होगा, जो नेयुकेसं और एन एस एस द्वारा शुरू किया जाएगा और महिलाओं, आदिवासी युवाओं और अन्य अल्पसंख्यक वर्गों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किया जाएगा। प्रक्रिया में प्रलेखित डाटा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की संपत्ति होगी।

**XI: संचालन**

जिला युवा संसद (डी वाई पी) और (एस वाई पी) के लिए, प्रतिभागियों को कोई यात्रा भत्ता या कोई अन्य संचालन सहायता प्रदान नहीं की जाएगी क्योंकि यह वर्चुअल आधार पर आयोजित किए जाएंगे।
राष्ट्रीय युवा संसद (एन वाई पी) के लिए, प्रतिभागियों को आवास और भोजन सुविधा और यात्रा भत्ता (वायु मार्ग से इकॉनमी श्रेणी ) प्रदान किया जाएगा। प्रतिभागियों को एयर इंडिया से यात्रा करनी होगी और निजी एयरलाइंस द्वारा यात्रा केवल वहाँ से ही की जा सकती है जहाँ एयर इंडिया की कोई भी सेवा उपलब्ध नहीं है।

**XII: कोविड -19 निगेटिव रिपोर्ट**

राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागियों को अपने अपने राज्यों से कार्यक्रम शुरू होने के अधिकतम 96 घंटे पहले की आर टी पीसीआर निगेटिव टेस्ट रिपोर्ट लेकर पहुँच जाना होगा। ऐसा न होने की स्थिति में उन्हें भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



Scanned with CamScanner